# हिसार का एयरपोर्ट अभी अंतरराष्ट्रीय नहीं

## चर्चा में क्यों?

15 दिसंबर, 2022 को संसद में हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह के सवाल पर केंद्रीय उड्डयन राज्यमंत्री वीके सिंह ने जवाब दिया कि हिसार से फिलहाल अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा अभी अंतरराष्ट्रीय नहीं बनेगा।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चंडीगढ़ रूट 14 जनवरी, 2021 को शुरू किया गया था। इसके बाद हिसार से देहरादून के लिये 2 फरवरी, 2021 को रूट शुरू किया गया। थ्री सीटर एयरलाइन भी शुरू की गई थी।
- मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाना एयर ट्रैफिक, एयरलाइन की डिमांड, एयर स्पेशल एग्रीमेंट, ग्राउंड लैंडिंग फैसलिटी, रनवे की लंबाई, इमीग्रेशन, हेल्थ एंड एनीमल सर्विस पर निर्भर करता है। हवाई अड्डे में फिलहाल ऐसी संभावना नहीं है।
- वहीं हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि यहाँ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही बनेगा। इसी सोच के साथ इनका निर्माण किया जा रहा है। धीरे-धीरे उन सभी मानकों को पूरा किया जा रहा है, जो एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के लिये जरूरी होते हैं। संसद में जो जवाब दिया गया है, वह अभी के आँकड़ों के आधार पर दिया गया है।
- हिसार एयरपोर्ट के लिये 7200 एकड़ ज़मीन सिविल एविएशन को ट्रांसफर की जा चुकी है। अनुमानित खर्च बढ़कर 245.15 करोड़ रुपए हो गया है। दूसरे चरण की डेडलाइन बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दी गई, पहले अक्टूबर 2022 थी। रनवे की लंबाई 10 हजार फीट करने, नाइट लैंडिंग फैसलिटी, हैंगर बनाने, चहारदीवारी का निर्माण चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hisar-s-airport-is-not-yet-international